हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार, 30 जून 2024


तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 प्री बीएड व डीएड के लिए परीक्षा आज व्यापमं के...





14 विधायक ने डॉक्टरों एवं स्टाफ से कहा-अपने...







प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


## खबर संक्षेप

### फाइनेंस की रकम लेकर युवक फरार

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम दुरुगपाली में एक व्यक्ति से हार्वेस्टर खरीदने के लिए फाइनेंस की रकम करीब 8.70 लाख रुपए लेकर आरोपी फरार हो गया है। आवेदक संतोष बरिहा निवासी ग्राम दुरुगपाली ने बताया कि 26 जून 2024 को दोपहर करीब 3 बजे दिनेश साहू थाना राजा देवरी उससे हार्वेस्टर खरीदने के लिए फायनेंस की रकम करीब 8.70 लाख रुपए लेकर चला गया और वापस नहीं आया।

**समस्या :** नवापारा में ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने की वजह से रोज होती है दुर्घटना

# यातायात को संवाराने की कोशिश जारी नाबालिग वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



नवापारा से थाना टीआई को लाइन अटैच कर दिया गया है। इनके जगह नया टीआई की पदस्थापना नहीं हुई है। पिछले 12-15 दिनों से बिना टीआई के थाना चल रहा है। वर्तमान में कार्यभार एसआई सुनील कश्यप संभाले हुए हैं। बताना लाजिमी होगा कि नवापारा में ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने की वजह से रोज छोटी-मोटी दुर्घटना होती है। दुर्घटना का कारण भी साफ है कि लोग यहां ट्रैफिक रूल की मुताबिक नहीं, अपने मर्जी से चलते है वो भी तेज रफ्तार में चाहे गाड़ी चार पहिया हो अथवा दोपहिया वाहन। कब, कौन, कहां पर दुर्घटना का शिकार हो जाएगा? कुछ कहा नहीं जा सकता? रायपुर-देवभोग के लिए नेशनल हाइवे 130 इस शहर के बीच से होकर गया है। सड़क काफी चौड़ी हो गई है पर स्पीड ब्रेकर एक भी जगह नहीं बनाया गया है। लिहाजा फुल स्पीड में गाड़ियां दौड़ती है। बात यदि पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल इंदिरा मार्केट रोड से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक बस स्टेण्ड तक की बात करें तो कई तिगड्डा, कैं चीफांस रोड आमने-सामने गई है। इंदिरा मार्केट के ठीक विपरीत दिशा में पारागांव रोड है जो मेन रोड रायपुर-देवभोग को क्रास होता है। सबसे खतरनाक यही प्वाइंट है। क्योंकि देवभोग की ओर से आने वाली गाड़ी एक तो सीधे जाती है जो फुल स्पीड में रहती है और यही इसी प्वाइंट पर कई ऐसे गाड़ियां है जो या तो इंदिरा मार्केट की ओर मुड़ती है या पारागांव की ओर। ठीक यही हाल रायपुर की ओर से आने वाली गाड़ियों का रहता है। यह एक ऐसा चौगड्डा कैं चीफांस सड़क है जहां हर पल जाम तो होता ही है बल्कि आमने-सामने गाड़ियां भी टकरा जाती है। इसके कुछ ही दूर मैडम चौक है। इस प्वाइंट में भी बीच सड़क से दो मार्ग कटा हुआ है। कुछ और दूर बढ़ने पर चंपारण चौक कहलाता है। ये तो बहुत ही डेंजर तिराहा है। कौन सी गाड़ी किधर मुड़ेगी इसे कोई नहीं जानता।

**सुधार करने का प्रयास जारी**

शहर के बिगड़े हुए ट्रैफिक को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। कट मारकर तेज रफ्तार में चलने वाले दोपहिया और अन्य वाहन चालकों के खिलाफ अब सख्ती बरती जाएगी। उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। नाबालिक को यदि गाड़ी चलाते पाया जाएगा तो कार्रवाई होगी।

**सुनील कश्यप,** एसआई थाना नवापारा

### शहर के भीतर भी ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

दुर्घटना का प्रमुख कारण पुलिस का न होना और लोगों द्वारा फुल रफ्तार में गाड़ी चलाना है। आखिर रफ्तार में चलने वाली गाड़ियों को नियंत्रण कौन करेगा? थाना से पूछो तो स्टॉफ कम होने का रोना रोते है। बल की कमी बताते है। इसलिए चौक-चौराहे में बल लगा नहीं पाते। ट्रैफिक पुलिस की पोस्टिंग तो यहां है ही नहीं। एक समय था जब बस स्टैंण्ड तिगड्डे में पुलिस जवानों की डयुटी पूरा दिन और देर रात तक लगा करती थी। इससे तेज रफ्तार में चलने वाले वाहन भी पुलिस को देखकर कंट्रोल हो जाता था। वहीं बस स्टेण्ड में उत्पात मचाने वाले नशेड़ियों में भी लगाम लगता था। थाना भी शहर से दूर है। पुलिस के जवान तभी दिखेंगे जब कोई व्हीआईपी का आगमन होगा। शहर के भीतर भी ट्रेफिक व्यवस्था बुरी तरह से बिगड़ी हुई है। जगह-जगह रास्ते भर गाड़ियो का बेतरतीब ढंग से खड़ा होना, मनमर्जी चलना इस शहर के तासीर में शामिल हो गया है। इसलिए भी लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है।

# अंचल में खरीफ फसल की बोआई में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

अंचल में बीते दिनों हुई बारिश के बाद किसानों ने खरीफ फसल की बोवनी शुरू कर दी है।

हालांकि मानसून सक्रिय नहीं होने के कारण बारिश कम हुए हैं। बावजूद इसके किसान खरीफ फसल में धान की बोआई शुरू कर दिए हैं। ज्यादातर किसान खेती किसानी पिछड़ ना जाए इस लिए बोरवेल के पानी से सिंचाई कर रहे हैं। फिलहाल किसान खरीफ फसल में धान की खेती करने पूरे तन्मन्यता के साथ जुट गए हैं। बाजार में विभिन्न तरह के धान बीज उपलब्ध है लेकिन सरकारी बीज कब आएगा इसका अभी तक पता नहीं है, जबकि बोवनी शुरू हो गई है। बीज के लिए किसानों ने एक माह पहले किसान एप पर पंजीयन करा लिया है, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं है। कृषि विभाग के अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे हैं कि बीज आएगा भी या नहीं। समय पर बोवनी करने के लिए किसानों पुराना बीज उपयोग में लिया है या फिर बाजार से अप्रमाणित बीज खरीदा है।

जिला प्रशासन भी खेती किसानी कार्य में किसानों को कोई परेशानी ना हो इसका खास ख्याल रखें हुए है। किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले। किसानों को धान के अलावा अन्य फसलों से भी आमदनी हो, इसे ध्यान रखते हुए खरीफ फसल सीजन में धान के साथ ही कोदो-कुटकी एवं रागी की फसल को बढ़ावा देना है। लेकिन कृषि विभाग ऐसा कोई पहल करते हुए कहीं दिख नहीं रहा है। इसके साथ ही खरीफ फसल कार्यक्रम के लिए किसानों को मांग के अनुरूप बीज-खाद सुलभ करने के निर्देश भी जारी हुए हैं। पर किसान खाद बीज के लिए भटक रहे हैं। ज्यादातर किसान निजी दुकानों से खाद बीज खरीद रहे हैं। खरीफ सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। संस्थावार खाद, बीज, उर्वरक का भण्डारण किया गया है। खरीफ सीजन के लिए 12 हजार 783 क्विंटल बीज का भण्डारण एवं 11 हजार 841 मिट्रीक टन उर्वरक का भण्डारण होने का हवाला दिया गया कर दिया गया है फिर किसान निजी दुकानों में खाद बीज क्यों खरीद रहे हैं।

# छुईहा स्कूल में मना प्रवेशोत्सव





हरिभूमी न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

पूर्व माध्यमिक एंव प्राथमिक शाला छुईहा में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा कि प्रत्येक कक्षा में शत प्रतिशत बच्चों को उपस्थिति के प्रेरित व प्रोत्साहित करें। शाला त्यागी की दर को शून्य किया जाना है। आगे कहा प्रारंभिक तथा माध्यमिक शिक्षा को सहज, सरल एवं सुगमतापूर्ण बनाने में हम आप सबको योगदान देना है। इस कार्य में आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा को मिलकर दूर करना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एंव राजिम विधायक रोहित साहू का यही संदेश है। वो चाहते है कि प्रत्येक बच्चा भलीभांति शिक्षा प्राप्त करें। क्योकि शिक्षा ही उन्नति का आधार है। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन ,निशुल्क पाठ्यपुस्तक निःशुल्क गणवेश ,की उत्तम व्यवस्था की जा रही है। पालक समितियों की बैठक सुनिश्चित की जा रही है ,साथ ही शिक्षकों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम संचालक शिक्षक राजकुमार सिन्हा ने कहा शासन के मंशानुरूप स्वच्छ व सुन्दर वातावरण ▸▸ शेष पेज 12 पर

# सड़क किनारे बने गड्ढे दे रहा हादसों को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



राष्ट्रीय राज मार्ग मैनपुर देवभोग की स्थिति दिन ब दिन बेहद खराब होती जा रही है, इस जर्जर खराब सडक में आए दिनों दुर्घटनाए आम बात हो गई है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, राजधानी रायपुर से मैनपुर देवभोग होते हुए ओडिसा को जोडने वाला एक प्रमुख नेशनल हाईवे मार्ग अभनपुर से देवभोग ओडिसा सीमा तक 195 किलोमीटर सडक को नेशनल हाईवे घोषित किए 7–8 वर्ष हो चुका है लेकिन आज तक इस नेशनल हाईवे मार्ग की हालत नही बदल पाई है ज्ञात हो कि इस सड़क में किनारे से कही- कही तो पटरियां पूरी तरह गायब हो गई है, सड़क किनारे दोनों तरफ कहीं-कहीं पर तो 3–4 फीट गहरे गढ्ढे हो गये है जिसके कारण दो पहिया, चार पहिया वाहन चालको को अन्य वाहनों को साइड देते समय हमेशा दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है, सड़क से वाहन नीचे उतारते ही गढ्ढो में चले जाने से कई बार बड़े.वाहने पलट भी जा रहे है, सबसे ज्यादा परेशानी मोटर सायकल चालको को हो रही है, मैनपुर देवभोग मुख्य नेशनल हाइवे मार्ग की हालत बेहद खराब होती जा रही है जिसके चलते यहां दुर्घटनाएं बड़ गई है, क्षेत्र के जनता लंबे समय से इस सड़क की चौड़ीकरण की मांग करते आ रहे है लेकिन क्षेत्रवासियो के गंभीर समस्याओं के तरफ शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, ज्ञात हो कि मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे एक ऐसा मार्ग है इस मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग मे झरियाबाहरा से देवभोग तक 71 किलोमीटर सड़क किनारे कई स्थानो पर से पटरी पूरी तरह गायब हो चुकी है और सड़क के दोनो तरफ बड़े– बड़े गढ्ढे हो ▸▸ शेष पेज 12 पर

### गढ्ढे में फंसा मोबाइल पशु चिकित्सा वेन

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के गांव- गांव में केबल और नल जल के लिए सड़क किनारे गड्डे खोदकर उसे सही ढंग से नही पाटने के कारण पहली ही बारिश मे वाहन फंस रहे है और दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। मैनपुर से लगे ग्राम नहानबिरी मे सड़क किनारे खोदे गये गढ्ढे में मोबाईल पशु चिकित्सा वैन फंसा पड़ा हुआ है।






**विधायक रोहित साहू ने फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण**

# अस्पताल में मरीजों व परिजनों से करें अच्छा व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



29 जुलाई को राजिम विधायक रोहित साहू ने फिंगेश्वर के राजिम भक्तिन माता सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वास्थ सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं पर उपस्थित डॉक्टरर्स एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधा प्रदान करने निर्देश दिये। अस्पताल के सभी सेवा रूमो का किया निरीक्ष्ण।

निरीक्षण की कड़ी मे उन्होंने जिले से पहुंचे सीएचएमओ गार्गी पाल यदु एव बीएमओ विरेन्द्र हिरौंदिया सहित डाक्टरों से कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजो एवं आम जन से बिना भेदभाव किये अच्छे व्यवहार से पेश आकर कार्य करें। अक्सर देखा जाता है कि धनी वर्ग से कर्मी अच्छे से बात करते है वहीं पर गांव देहात से आये लोगो से अच्दे से पेश नहीं आते इस प्रकार का भेदभाव भाव नहीं होना चाहिए। ऐसी वाणी बोलिए की मरीजो का आधी बीमारी मीठे बोल से ही ठीक हो जावे। इसके साथ ही उपस्थित हास्पिटल स्टाफ से भी चर्चा कर समस्या एवम् उनके निदान पर भी त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये।विधायक रोहित साहू की सजगता से जनता मे काफी उत्साह है।उनके इस कार्य को लेकर नगर में काफी प्रशंसा हुई।स्थानीय और अनुभवी जनप्रतिनिधि होने का लाभ जनता को सीधे सीधे मिल रहा है।आने वाले समय में निश्चित रूप से क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाएं और सुदृढ़ होगी। इसका उदाहरण हाल ही में स्वास्थ्य मंत्री के प्रवास के दौरान विधायक रोहित साहू के प्रयास से गरियाबंद जिला को 5 नये डाक्टर व दो विशेषज्ञ के साथ 7 नए डॉक्टर्स की स्वीकृति मिली है। विधायक रोहित साहू के अस्पताल पहुंचने पर सीएचएमओ श्रीमति गार्गी यदु पाल ने गुलदस्ता ▸▸ शेष पेज 12 पर


हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# जलजीवन मिशन का काम अधूरा, प्रभारी ईई हटाए गए, सहायक अभियंता को दिया जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**एक हफ्ता पहले हुई थी विभागीय समीक्षा बैठक**



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन के कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता को हटा दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक में बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में वांछित प्रगति नहीं होने तथा लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने में कठिनाई पाए जाने पर विभाग ने वहां के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विगत 20 जून को हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह परिलक्षित हुआ है कि बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन का कार्य संतोषजनक नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जल जीवन मिशन के लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए वांछित गति नहीं दिए जाने से बलरामपुर जिले में मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप वांछित प्रगति प्राप्त करने में कठिनाई आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को आगामी आदेश तक बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके स्थान पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडल अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा को बलरामपुर खंड के कार्यपालन अभियंता का प्रभार सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप



### एसबीआई जोन ऑफिस प्रबंधन ने 16 लाख से अधिक बकाया राशि का किया भुगतान

**रायपुर।** संपत्ति कर बकाया राशि वसूली अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम के राजस्व विभाग ने शुक्रवार को पंडित भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 में बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूली करने अभियान चलाया। इस दौरान एसबीआई जोन ऑफिस प्रबंधन से 16 लाख 338 हजार 994 रुपए की बकाया राशि वसूल की। प्रबंधन ने चेक के माध्यम से बकाया राशि का भुगतान किया।

**2 बकायेदारों को 3 दिन की मोहलत, नहीं तो करेंगे सील**

राजस्व टीम ने अभियान के दौरान वार्ड 57 और वार्ड 35 में दो बड़े बकायेदारों को नोटिस थमाया है। इस नोटिस के जरिए चेतावनी दी गई है कि अगर 3 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। इनमें एक बकायेदार पर 34 लाख 12 हजार एवं दूसरे पर 5 लाख 93 हजार रुपए बकाया है।

### छत्तीसगढ़ को मिला सम्मान

**रायपुर।** विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के बलौदाबाजार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र सहसा व जिला चिकित्सालय कोंडागांव की टीम का दिल्ली में सम्मान किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता पूर्ण प्रदायगी व राष्ट्रीय स्तर कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी व अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर पर खरा उतरते हुए यह सम्मान प्राप्त किया है । आयुष्मान भारत, गुणवत्त स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, अनुप्रिया पटेल द्वारा सम्मान प्राप्त सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।

### बोलीं मीनल- महापौर ने पहले ही हार मान ली

**रायपुर।** नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर और कांग्रेस पार्षदों के द्वारा नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में परिणाम अनुकूल नहीं आने के कारण महापौर घबरा गये हैं और अनर्गल मांग कर रहे हैं। शहर की जनता जागरूक जनता है और आधुनिक तकनीक से अपने जीवन को आसान बना रही है। नगर निगम से विभिन्न पेंशन योजना का लाभ भी हितग्राही एटीएम कार्ड के माध्यम से ले रही है। ऐसे में जनता को पीछे ढकेलने की सोच समझ से परे है। ईवीएम से एक भी वोट व्यर्थ नहीं जाता है। बैलेट पेपर से चुनाव की मांग से यह स्पष्ट है कि महापौर नगरीय निकाय चुनाव में भी चुनाव से पहले ही हार मान लिए हैं। निष्पक्ष चुनाव से घबरा रहे हैं।

### नगरीय निकाय चुनाव बैलेट से कराने की मांग

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर समेत कांग्रेसी पार्षदों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से मुलाकात की और बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराने की मांग की है। महापौर एजाज ढेबर ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम की जगह मतपत्र से कराने की मांग रखी गई है। परिसीमन से संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग भी की है। महापौर ने कहा कि कुल 4 मांग हम लोगों द्वारा की गई है। हमें विश्वास है, इस पर निर्णय लिया जायेगा। ईवीएम से मुझे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बैलेट पेपर से चुनाव करवाना सही होगा। परिसीमन में यदि कोई गड़बड़ी होती है, तो कोर्ट का रास्ता खुला है। हम किसी भी तरह से गलत नहीं होने देंगे। कई वार्ड ऐसे हैं जहां के लोग दूसरी जगह जाते हैं, ऐसे में उन लोगों के लिए मतदान केंद्र निर्माण करने की मांग रखी।

## जिला सहकारी बैंक के तत्कालीन सीईओ और संवर्ग अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की अवैधानिक नियुक्ति एवं वेतन भुगतान किए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके वर्मा और सुधीर कुमार सोनी संवर्ग अधिकारी को निलंबित करने का आदेश आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने आदेश जारी किया है।

अपैक्स बैंक के एमडी केएन कांडे ने जारी आदेश में कहा है कि सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में पदस्थापना के दौरान सीईओ एसके वर्मा ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। श्री वर्मा वर्तमान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंबिकापुर में सीईओ के पद पर पदस्थ हैं। निलंबन के बाद उन्हें निर्देशित किया गया है कि मुख्य लेखापाल एसपी सिंह को पदभार सौंप कर तत्काल बैंक मुख्यालय नया रायपुर में उपस्थिति देवें। वहीं एक अन्य आदेश में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में वर्ष 2022-23 में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की अवैधानिक नियुक्ति और वेतन भुगतान के मामले में सुधीर कुमार सोनी संवर्ग अधिकारी अपैक्स बैंक को निलंबित करने का आदेश किया गया है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सभी राज्यों के संगठन चुनाव पर रहेगा फोकस

# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति जुलाई के पहले सप्ताह और प्रदेश की दूसरे सप्ताह में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति 30 जून को रखी गई थी, लेकिन इस दिन इसको नहीं किया जा रहा है। अब यह जुलाई के पहले सप्ताह में लोकसभा का सत्र 3 जुलाई को समाप्त होने के बाद होगी। राष्ट्रीय कार्यसमिति में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर फैसला होगा। पहले जिनको राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना है उनको तत्काल में कार्यकारी अध्यक्ष का जिम्मा दिया जाएगा, इसके बाद राज्यों के स्तर से चुनाव की प्रक्रिया होगी, इसके बाद नियमानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रीय कार्यसमिति के ठीक बाद जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रदेश कार्यसमिति होगी। इसमें संगठन चुनाव को लेकर चर्चा होगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल लोकसभा चुनाव के कारण 20 जून तक के लिए बढ़ाया गया था। केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद श्री नड्डा को केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया है। ऐसे में अब उनके स्थान पर किसी और को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना है। इसके लिए भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यसमिति करने का फैसला किया है।

### प्रदेश कार्यसमिति 11-12 को संभावित

राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद प्रदेश कार्यसमिति 11 और 12 जुलाई को संभावित है। इसमें राष्ट्रीय कार्यसमिति में तय संगठन के चुनाव की प्रक्रिया की पूरी जानकारी देकर मंडल स्तर से चुनाव प्रारंभ किए जाएंगे। मंडल के बाद जिला और फिर राज्य स्तर का चुनाव होगा। कार्यसमिति में लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी। इसमें लोकसभा स्तर पर की गई समीक्षा की रिपोर्ट रखी जाएगी और देखा जाएगा कि कहां पर भाजपा कमजोर रही है। इसको मजबूत करने पर रणनीति बनेगी, क्योंकि आने वाले समय में इस साल के अंत में नगरीय निकाय के चुनाव होने हैं।

### ये होगा राष्ट्रीय कार्यसमिति में

राष्ट्रीय कार्यसमिति में सबसे पहले तो लोकसभा चुनाव को लेकर बात होगी। इसमें एक राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाएगा। इसमें नरेंद्र मोदी के लगातार बार प्रधानमंत्री बनने को लेकर बात होगी। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर ऐलान होगा कि किनको जेपी नड्डा के स्थान पर पहले कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा रहा है। इसी के साथ संगठन चुनाव की प्रक्रिया की तिथियां तय होंगी। इसमें राज्यों में कब से किस स्तर के चुनाव होंगे, यह तय किया जाएगा। सभी राज्यों में चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का विधिवत चुनाव होगा। हालांकि यह एक औपचारिकता ही होगी, क्योंकि जिनको कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा वे ही आगे चलकर स्थाई अध्यक्ष होंगे। भाजपा में वैसे भी अब तक अध्यक्ष के चुनाव की नौबत नहीं आई है।




## भारत से निकल कर पूरी दुनिया में पहुंच रहा है आयुर्वेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि भारत से निकलकर आयुर्वेद पूरी दुनिया में पहुंच रहा है। उन्होंने नियमित रूप से आयुर्वेद से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 28 से 30 जून तक विवि परिसर स्थित कृषि मंडपम में आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दुनियाभर के लोग दोनों हाथों से आयुर्वेद को अपना रहे हैं। हमें विभिन्न देशों में आयुष और आयुष उत्पादों को दृढ़ता से बढ़ावा देने और बड़े जैविक और पोषक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का लाभ उठाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष, आयुर्वेद, जैविक उत्पाद, यूनानी, सिद्ध, हर्बल, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, कोल्ड चेन, उद्योग और कोल्ड सप्लाई चेन नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसका उद्देश्य निवेश और व्यापार के अवसरों को बढ़ाना है। इस मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा और औषधीय पौधों के डॉक्टरों से निशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। कुलपति गिरीश चंदेल ने भी स्वच्छ भोजन खाने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ में उत्पन्न चावल में कई औषधीय गुण और विशेषताएं हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह राज्य में बाजरा और जैविक खेती को प्रोत्साहित करेंगे।

## राव के वनबल प्रमुख बनाए जाने के निर्णय पर कैट ने लगाई मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



वन विभाग में प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ वी. श्रीनिवास राव को वनबल प्रमुख (हेड ऑफ फॉरेस्ट) बनाए जाने के फैसले को कैट ने उचित करार दिया है। श्री राव के हेड ऑफ फॉरेस्ट बनाए जाने को लेकर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल ने चुनौती दी थी। कैट ने अपने आदेश में कहा कि राज्य की विशेष चयन समिति ने श्रीनिवास राव का वन बल प्रमुख के तौर पर चयन उनके पांच साल के रिकार्ड के आधार पर किया। हेड ऑफ फॉरेस्ट बनाने विशेष चयन समिति ने श्री राव के कामकाज को बेहतर माना। साथ ही समिति ने सुधीर अग्रवाल सहित सभी पीसीसीएफ के रिकार्ड का अध्ययन किया। समिति को केवल मेरिटोरियस का चयन करना था। इस तरह श्री राव को वन बल प्रमुख बनाने का फैसला मेरिट के आधार पर लिया गया।

### इसलिए कैट में चुनौती दी गई

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व भारतीय वन सेवा के अफसर श्रीनिवास राव की नियुक्ति पीसीसीएफ के पद पर की गई है। इस फैसले को आईएफएस अफसर सुधीर अग्रवाल ने कैट में चुनौती देते हुए अपना पक्ष रखते हुए कहा श्रीनिवास राव जूनियर हैं, इसलिए श्री राव वनबल प्रमुख नहीं बनाए जा सकते। कैट ने अपने फैसले में कहा है कि पीसीसीएफ रैंक के किसी अफसर को वन बल प्रमुख बनाने का आधार मेरिट है, न कि जूनियरिटी या सीनियरिटी। श्री राव के 5 साल का परफार्मेंस गुण-दोष के आधार पर बेहतर माना गया, इसलिए उन्हें वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई।

### संजय श्रीवास्तव बोले

## कांग्रेस ने नगरीय निकाय चुनाव से पहले हार मानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, महापौर एजाज ढेबर को अभी से निकाय चुनाव में हार का डर सताने लगा है। महापौर एजाज ढेबर की कुर्सी जाती हुई दिखाई दे रही है, इसलिए बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ती है। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार नहीं बनती है वहां पर ईवीएम हैक हो जाती है और जिन राज्यों में उनकी सरकार बनती है वहां की ईवीएम मशीन ठीक रहती है। ईवीएम मशीन से चुनाव होने पर कांग्रेस पार्टी को फर्जी जीत नहीं मिल पाएगी इसलिए कांग्रेस पार्टी हमेशा ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करती है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जो 99 सीटों में जीत मिली हैं क्या वे फर्जी तरीके से इन लोकसभा सीटों में जीते हैं। ईवीएम से चुनाव न हो इसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी बार-बार बयान दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताशा में चली गई है। उन्होंने कहा, जिस तरह छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाया है उसी तरह आगामी निकाय चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस का निकाय चुनाव में हारना तय है। इसको लेकर अभी से महापौर एजाज ढेबर हार का बहाना ढूंढ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी अभी तक हार का जिम्मेदार कौन है यह पता नहीं लगा पाई है और हर बार की तरह इस बार भी निकाय चुनाव में हार के लिए अभी से बहाना ढूंढ रही है।

## राजीव युवा मितान क्लबों के खर्चों का निकला हिसाब, बाकी बची रकम जमा करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की राजीव मितान क्लब योजना का हिसाब निकाला जाना शुरू हो गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने सभी जिला खेल अधिकारियों की समीक्षा बैठक संचालनालय में विशेष रूप से पूर्ववर्ती योजना राजीव युवा मितान क्लबों के द्वारा पूर्व वर्षों में व्यय की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र, बिल व्हाउचर्स की आडिट तथा शेष राशि को शासन के खजाने में तत्काल जमा करने संबंधी निर्देश दिए। आगामी 10 जुलाई तक सभी जिलों को अनिवार्यतः कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पूर्ववर्ती सरकार की योजना छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक में खर्च हुई राशि की भी समीक्षा की गई है।

### अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

बैठक में सहायक संचालक बस्तर तथा प्रभारी खेल अधिकारी जशपुर को अनुपस्थिति और जिले की प्रगति की जानकारी नहीं देने के कारण स्पष्टीकरण देने और सहायक संचालक राजनांदगांव, दुर्ग और रायगढ़ को कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया। कार्यों में लापरवाही बरतने और निर्देशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक में बंटी राशि की समीक्षा

श्री गुप्ता ने पूर्ववर्ती योजना छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के पुरस्कार वितरण हेतु जिलों को पूर्व में वितरित राशि की समीक्षा भी की गई। विभिन्न जिलों में विभागीय कार्यों की प्रगति धीमी होने के कारण उन जिलों में प्रभारी बदलने के लिए संबंधित कलेक्टर्स को पत्र लिखने के निर्देश दिए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय और प्रत्येक जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में 5 एकड़ से लेकर 20 एकड़ तक की भूमि खेल मैदान एवं खेल गतिविधियों के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। इसके लिए 15 दिवस का लक्ष्य जिला खेल अधिकारियों को दिया गया।

### अलंकरण पुरस्कार आवेदन अब 10 तक

भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनांतर्गत जिला बिलासपुर, बलौदाबाजार और रायपुर के खेल अधिकारी को शीघ्रातिशीघ्र भारत सरकार द्वारा वांछित तीन बिन्दुओं की जानकारी उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया, ताकि भारत सरकार से अधोसंरचनाओं के लिए शीघ्रातिशीघ्र फण्ड प्राप्त हो सके। आगामी 29 अगस्त हो आयोजित होने वाले राज्य खेल अलंकरण के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया गया। खेल संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि विभाग में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया के तहत भरे जाएंगे। इसके साथ ही विकासखण्ड मुख्यालयों और जिला मुख्यालयों में खेल के लिए भू-खण्ड आरक्षित करने पर भी जोर दिया गया।

## मोइली ने कहा- चुनावों में हार की समीक्षा से मजबूत होगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कर्नाटक के पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली ने कहा, छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के हार की समीक्षा कर आगामी दिनों की रणनीति भी तैयार की जाएगी। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य कांग्रेस को मजबूत करना है। बड़े चेहरों और स्थानीय चेहरों को मजबूत करने के लिए आए हैं। बैठक के बाद रिपोर्ट सौंपेंगे, फिर बड़े नेता निर्णय करेंगे।

रायपुर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में वीरप्पा मोइली ने कहा, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था, क्योंकि छत्तीसगढ़ में कई बेहतरीन लीडरशिप है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस से कहां गलती हुई, इसका पता लगाएंगे। पहले दिन दो लोकसभा की बैठक और बड़े नेताओं के साथ अलग से करेंगे। बैठक में सचिन पायलट भी रहेंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने बहुत अच्छा काम किया है। हमारी लीडरशिप बहुत अच्छी है। राज्य में ग्रासरूट लेवल पर भी हमने बेहतर काम किया है। आखिर गलती कहां हुई? इसका हम पता लगाएंगे।

### हार का ठीकरा बड़े नेताओं पर फूटा

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचने पर दोपहर 3 बजे से प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। पहली बैठक में वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी ने वरिष्ठ नेताओं से यह जाना कि चुनाव में किस कारण हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पांच साल सरकार के दौरान कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दिए जाने और जो कार्यकर्ता अपनी बात रखने की कोशिश करता, उन्हें प्रताड़ित करने को हार का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा, संगठन में अंदरूनी गुटबाजी हावी रही, लोग एक दूसरे पर खुलेआम आरोप लगाकर पार्टी की छवि को कमजोर करने का काम करते रहे।

## पेज 11 के शेष...

### छुईहा स्कूल में...

मे गुणवत्तायुक्त शिक्षा दीया जा रहा है। इससे पहले स्कूल की साफ सफाई, मरम्मत, प्रचार प्रसार, आवश्यक रुपरेखा अध्यन अध्यापन के लिए महौल बनाया गया । कार्यक्रम का मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिंन्हा, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, स्कूल पूर्व अध्यक्ष परदेशी राम सिंन्हा, महेश साहू, होरीलाल साहू, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, दशरथ राम, रामलाल ध्रुव, कमला सिंन्हा, संकूल समन्वयक गिरवर यादव, राजकूमार सिंन्हा, यशोदा ध्रुव, कृपाल दिवान, एनसिंग साहू, लता साहू, विरेन्द्र ध्रुव, योगेश साहू, टिकेन्द्र सिन्हा, चिमन सिन्हा उपस्थित थे।

### सड़क किनारे...

गये है जिसके कारण इस सिंगल सड़क मे दो वाहनो को आपस मे साइड देने मे भारी परेशानी हो रही है, साइड देने के नाम पर वाहन चालको मे लड़ाई झगड़ा की नौबत तक आ जाती है और वाहन चालको की मजबूरी है कि सड़क किनारे गढ्ढे होने के कारण वे साइड देने से घबराते है क्योकि साइड देते ही कई बार वाहने पलट चुकी है जिसके कारण इस सड़क मे प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति भी निर्मित होती जा रही है, सड़क किनारे गढ्ढे होने के कारण साइड देने मे परेशानी हो रही है साइड देते समय वाहन पलटने की डर बनी रहती है, सड़क किनारे पटरियो मे कही –कहीं पर तो 2–3 फीट तक गहरे गढ्ढे हो गये है जिसके कारण पिछले 4– 5वर्ष के भीतर सैकडो दुर्घटनाएं इस मार्ग मे घटी है जो पुलिस के रिकॉर्ड भी बताती है कि इस दो वर्षो के भीतर दुर्घटनाओं मे इजाफा हुआ है। झरियाबाहरा, तौरेंगा, जुंगाड़, इंदागांव एवं मोड़ मे सड़क किनारे जानलेवा गढडे बारिश मे लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग मे बारिश के इन दिनो बेहद परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि झरियाबाहरा से गोहरापदर तक सड़क सिंगल है और सड़क किनारे तौरेंगा जुंगाड़ इंदागांव मोड़ के पास इतना खतरनाक बड़े बड़े गढडे हो गये है कि लोग सीधे मोटरसायकल सड़क से उतारते ही गिर पड़ते है। यहां तक की चार पहिया वाहन भी साईड देते समय दुर्घटना के शिकार हो रहे है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, बोधन नायक, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुस्तम कपिल, श्रवण सतपती, पंकज मांझी, भाजपा मंडल गोहरापदर अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी व क्षेत्र के लोगो ने सड़क किनारे पटरियों के मरम्मत करवाने की मांग किया है।

### अस्पताल में मरीजों...

भेंटकर स्वागत किया। उसके बाद अस्पताल के ड्रेसर रूम,पैथालाजी रूम,डिलवरी रूम,मरीज वार्ड,डाक्टर रूम सहित सभी रूमों का निरीक्षण किया।इसी कड़ी मे सोनोग्राफी रूम का निरीक्षण कर उसे शीघ्र प्रारंभ करने की बाते कहीं।साहू समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सामुदायिक अस्पताल मे राजिम भक्तिन माता की मूर्ति लगाने लाला साहू एवं साहू समाज के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। भीशण गर्मी से बचने के लिए कमरों मे एसी लगाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव एवं राजू साहू को जिम्मेदारी दी गई जिसमे कुल 6 एसी लगाने पर सहमती बनी।स्वच्छता कर्मचारियों ने काम अधिक एवं वेतन कम मिलने की बाते कहकर मानदेय राशि बढ़ाने की बाते विधायक से कहीं तो उनके निराकरण करने का विधायक ने आश्वासन दिये।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव,भाजपा के वरिष्ट नेता भागवत हरित बोधन साहू,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष मनीष हरित,युवामोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू साहू,साहू समाज क प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,राजिम भक्तिन मंदिर के लालाराम साहू, जिलापंचायत सदस्य मधुबाला राते,संतोषी श्रीवास्तव,लक्ष्मी श्रीवास्तव,भुवन साहू, बीएमओ डा.विरेन्द्र कुमार हिरौंदिया,स्मृति यदु, डा.देवेन्द्र भारती, डा.विपीन लहरे,भूपेन्द्र कुर्रे,सोमी चंद्राकर,डा.नितेश सिन्हा, डीपीएम योगेन्द्र सिंह राजपूत, आशा पोद्दार, सुधा पटेल,विमला साहू, संजय श्रीवास्तव, एल आर वर्मा राधा सोनी, सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शिवमहापुराण कथा के लिए सीएम को आमंत्रण



**नवापारा-राजिम।** श्री शिवमहापुराण पोड़ के आयोजन का प्रथम निमंत्रण भगवान श्री राजीव लोचन, श्री कुलेश्वर नाथ महादेव को देने के बाद आयोजक समिति के पदाधिकारी इंजीनियर ऋषि सेन,पोखरा सरपंच सतीश यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रण देते हुए निवेदन किया कि कार्यक्रम में अवश्य पधारे। उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय ने इस भव्य आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

### बागबाहरा में युवक से मारपीट, 4 दांत टूटे

**महासमुंद।** बागबाहरा में मारपीट की घटना में एक युवक के 4 दांत टूट गए। प्रार्थी लक्की धीवर पिता ललित धीवर (23) ने पुलिस को बताया बस्तीबागबाहरा के पप्पू बागबाहरा और उसके अन्य साथियों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान प्रार्थी के 4 दांत टूट गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 325, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### जोगीडीपा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जोगीडीपा में शाला प्रवेश उत्सव पर बीआरसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित थे। बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर प्रवेश दिलाया गया। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। उनके द्वारा अवलोकन ने पाया गया कि बच्चों का शाला प्रवेश लक्ष्य के अनुरूप हो गया है। शाला प्रांगण एवं कक्षाएं स्वच्छ है। उन्होंने बच्चों से प्रश्नोत्तर भी किए एवं बच्चों के स्तर को कक्षा अनुरूप पाया, उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। नए शिक्षण सत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राजू देवांगन, प्रधान पाठक खिलेश्वरी कोसरिया, सोनिया साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक में आदित्य व पुष्पेंद्र हुए शामिल

**सरायपाली।** महासमुंद लोकसभा चुनाव को लेकर रायपुर के राजीव भवन में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरायपाली विधानसभा के बारे में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आरएन आदित्य अधिवक्ता एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार से लोकसभा चुनाव के बारे में पूछा गया। बैठक के बाद तीनों अध्यक्षों प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज से सौजन्य भेंट मुलाकात की।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 27 जून को रात करीब 11:30 बजे ग्राम बिछिया के पास हेमनाथ पिता बंधन दास मानिकपुरी (40 साल) निवासी दुर्गापाली की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

**तैयारी : कलेक्टर ने परीक्षा तैयारी के संबंध में ली बैठक**

# प्री बीएड व डीएड के लिए परीक्षा आज व्यापमं के निर्देशों का करें कड़ाई से पालनः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार 30 जून को आयोजित होने वाली प्री बी-एड एवं प्री डीएड 2024 परीक्षा के संबंध में नोडल अधिकारी सहित केंद्राध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा एवं सहायक नोडल अधिकारी श्री मुकाराम नाग, समन्वयक एवं प्राचार्य आरके तलवरे एवं मास्टर ट्रेनर श्री छन्नु लाल तारक मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने परीक्षा के लिए संबंधित केंद्रों में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा का कार्य विश्वसनीयता, गोपनीयता और गंभीरता से जुड़ा होता है। इस कार्य में किसी प्रकार की चूक व लापरवाही न की जाए। उन्होंने केंद्राध्यक्षों को सावधानी एवं सतर्कता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक-एक आब्जर्वर अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही नकल रोकने के लिए तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा संचालन के पूरी प्रक्रिया के वीडियोग्राफी आवश्यक रूप से कराने के निर्देश दिये है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्री बीएड एवं प्री डीएड 2024 परीक्षा के संबंध में बैठक लेते हुए कलेक्टर ने सभी केंद्राध्यक्षों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं परीक्षा के पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएं। परीक्षा के संबंध में व्यापमं द्वारा जो भी दिशा-निर्देश है उसका पालन करते हुए केंद्र में आवश्यक व्यवस्था की जाए। ऐसे दिव्यांग परीक्षार्थी जिन्होंने स्वयं से सह लेखक का विकल्प चयन किया है उन्हें सह लेखक की शैक्षणिक योग्यता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### 4825 परीक्षार्थी होंगे शामिल

इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा ने बताया कि जिले में दो पाली में परीक्षा का आयोजन होगा। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा के लिए 19 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली में प्री डीएड परीक्षा के लिए 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। प्रथम पाली में प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 4825 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले अर्थात सुबह 9:30 बजे तक परीक्षा कक्ष में पहुंचने के निर्देश दिए है। इसी तरह द्वितीय पाली में प्री डीएड की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थी को स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति साथ रखना होगा। इसके के अभाव में परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हाल में मोबाईल, कैल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी ब्लूटूथ जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं किसी तरह की कोई अवैधानिक सामग्री लाना वर्जित है। यदि किसी प्रवेश पत्र में तकनीकी कारणों से फोटो अंकित नहीं है अथवा उपस्थिति पत्रक में फोटो के अंकन संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए सभी परीक्षार्थियों को अपने साथ दो फोटो एवं पहचान पत्र से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से रखने चाहिए।

## बोड़की में धूमधाम से मना शाला प्रवेश उत्सव



**छुईहा बेलर।** बुधवार को शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शाला बोड़की में शाला प्रवेशोत्सव मां सरस्वती की पुजा अर्चना से प्रारम्भ हुई। ग्राम पंचायत सरपंच बोड़की भाजपा नेता रामजी साहू, उपसरपंच काग्रेंस सेक्टर अध्यक्ष नेतराम सिन्हा ने नवप्रवेशी बच्चो का गुलाल, बंदन लगाकर सत्कार किया। वहीं नवप्रवेश बच्चों का खीर पुड़ी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। अतिथियों द्वारा गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस मौके पर स्कूल में दानदताओं द्वारा न्योता भोज रखा गया, जिसमें पालकगण एवं जनप्रतिनिधिगण ने बच्चों को खीर, पुड़ी स्वादिष्ट भोजन ब्यंजन परोसा गया। बोड़की उपसरपंच नेतराम सिन्हा ने कहा कि समस्त पालकगण अपने बच्चों का शत प्रतिशत शाला में प्रवेश दिलाए, बच्चे नियमित स्कूल आए इसका पालक को ध्यान देना चाहिए, एवं शिक्षक गणों से भी आग्रह है कि कोई भी बच्चा साल प्रवेश से वंचित न हो, बच्चों का भविष्य शिक्षक एवं पालक पर निर्भर करता हैं, यदि शिक्षक अच्छी शिक्षा देंगे तो बच्चे भी अच्छे शिक्षा ग्रहण करेंगें, बच्चे पढ़ाई में रुचि लेंगे, आज का बच्चा कल का भविष्य है, इस बात को ध्यान में रखकर अध्ययन अध्यापन काराये। सरपंच बोडकी रामजी साहू ने विद्यायालिन बच्चों से आग्रह करते हुए कहा कि प्रतिदिन सुबह शाम दो-दो घंटा पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षक गणों से भी आग्रह किया कि बच्चे का भविष्य आप सभी शिक्षकों के अध्यापन कार्य पर निर्भर करेगा आप लोग जैसा पढ़ाएंगे वैसा ही परिणाम आएगा इसका ध्यान रखें। इस कार्यक्रम में सरपंच रामजी साहू, उपसरपंच नेतराम सिन्हा, पंच चमेली साहू, नेतराम सिन्हा, सुदर्शन दीवान, चुम्मन साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष छन्नूराम पटेल एवं शिक्षक गण मिडिल स्कूल प्रधान पाठक जयकुमार भोई, शिक्षक भोजराम यादव, चोवाराम भरतद्वाज, रेणुका यदु, प्राइमरी प्रधान पाठक पार्वती ध्रुव, शिक्षक खिलेश्वरी दीवान, कोमलचंद्र साहू, छगन दीवान उपस्थित थे।

## पीएमश्री स्कूल में विधायक रोहित ने किया पौधारोपण



**राजिम।** राजिम के पीएमश्री शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में विधायक रोहित साहू ने पौधारोपण किया। पौधारोपण करने के बाद गुरूजी और मैडम से कहा कि इस पौधे की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। एक-एक पौधा आप सभी लोग पूरे स्कूल परिसर में लगाएं। स्कूल की हरियाली देखकर विधायक बहुत खुश हुए क्योंकि यह एक ऐसा स्कूल है जहां लंबे चौड़े कंपाऊंड में बड़े-बड़े झाड़ और हरियाली छाई हुई है।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले पति को 7 साल की सजा

**महासमुंद।** पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर प्रधान सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने मृतका के पति बेमचा निवासी 45 वर्षीय साधुराम मालेकर पिता रिखीराम मालेकर को भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत 7 साल के सश्रम कारावास की सजा व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 4 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार आरोपित साधुराम द्वारा विवाह के बाद केवल लड़की होने और पुत्र नहीं होने से मृतका को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। जिसके कारण उसकी पत्नी अनिता मालेकर ने 26 मार्च 2022 को महासमुंद व अरंड रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से कटकर जान दे दी। डबल डायमंड ट्रेन के गार्ड तथा लोको पायलट ने अरंड रेलवे स्टेशन को सूचना दी कि कोई 30-35 वर्ष की महिला जो लाल साड़ी पहनी थी अचानक पटरी पर आकर लेट गई।

## चचरापारा के ग्रामीण झरिया खोदकर प्यास बुझाने विवशः युमेन्द्र कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से 80 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घुमरापदर के चचरापारा में लगभग 50 लोगों की आबादी इस निवास करती है घने जंगलों के बीच यह गांव बसा हुआ है और मूलभूत सुविधाओं से भी यह गांव कोसों दूर है। ग्रामीणों के पास पेयजल तक कि सुविधा नहीं है मोहल्लेवासी हैंडपंप नहीं होने से मजवूरीवश झरिया खोदकर निकाले गए पानी से निस्तार की समस्या एवं अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं ग्रामीण मोहल्ले में शासन–प्रशासन से एक हैंडपंप खनन की मांग कर थक चुके है, लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप ने ग्राम चचरापारा का दौरा किया। युमेन्द्र कश्यप ने बताया कि पीएचई विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है 21वीं सदी में भी ग्रामीणों को झरिया खोदकर पानी पीना पड़े, इससे बड़े दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं से जिला प्रशासन को प्रमुखता से अवगत कराया जाएगा ग्राम के युवा ओमप्रकाश यादव, बलमत मांझी, फरसु मांझी, गोपाल यादव, कुबेर मांझी, प्रमिला मांझी सहित मोहल्ला के ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में एक भी हैंडपंप नहीं है, जिसके चलते पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नवप्रवेशी छात्रों का मुंह मीठा व तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासकीय बालक व कन्या प्राथमिक

- बालक व कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम




शाला नर्रा में शनिवार को शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर की गई। नव प्रवेशी बच्चों का चाकलेट से मुंह मीठा करा व तिलक लगाकर स्वागत कर किया गया। साथ ही शासन से प्राप्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन पटेल पूर्व सरपंच थे। अध्यक्षता सरपंच गोपाल किशन पटेल ने की। इस मौके पर सभी बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उन्होंने ने कहा कि शासन आज शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। छात्रवृत्ति निःशुल्क पाठ्यपुस्तक गणवेश उच्च कक्षाओं में साइकिल की व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है।

उन्होंने एक अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमित खेलकूद, सामान्य ज्ञान अभ्यास, पढ़ाई लिखाई करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। सरपंच गोपाल किशन ने नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी छात्र-छात्राओं को नियमित पाठशाला आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पतिराम साहू, कुंती दीवान, सहायक शिक्षिका मनीष कुमार यादव, शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डिगम लाल साहू प्रधान पाठक कन्या व आभार प्रदर्शन श्रवण कुमार ठाकुर प्रधानपाठक ने किया।

## जिले में टोल टैक्स फ्री करने की मांग, माफ नहीं तो विरोध प्रदर्शन और चक्काजामः संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



जिले में टोल टैक्स फ्री करने की मांग लगातार अलग–अलग संगठनों द्वारा समय–समय उठाया जा रहा है। पिछले महीनों से सरायपाली के युवाओं द्वारा टोल फ्री करने आवाज उठाई जा रही है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें 10 जुलाई तक टोल प्रबंधन को अल्टीमेटम दिया गया है। मांग पूरी नहीं होने पर 11 जुलाई से उग्र प्रदर्शन चक्काजाम करने की बात कही गई है। युवाओं का नेतृत्व कर रहे संजय चौधरी ने कहा कि रोड एक तो नियम अलग अलग क्यों ? राजनांदगांव में सीजी 08 पासिंग वाली वाहनों का टोल नहीं लिया जाता है। दुर्ग में सीजी 07 पासिंग वाहनों का टोल टैक्स नहीं लिया जाता है, ओडिशा में ओडी 17 पासिंग सभी वाहनों से टोल टैक्स नहीं लिया जाता है तो फिर महासमुंद जिलेवासियों से ही छलावा क्यों? चौधरी ने कहा कि जब वाहन खरीदते समय रोड टैक्स दे रहें हैं। जीएसटी अलग से दे रहें हैं तो फिर टोल टैक्स क्यों? टोल टैक्स माफ होना चाहिए, पिछले महीने भी टोल प्रबंधन, शासन–प्रशासन को हमारे द्वारा ज्ञापन दिया गया था। जिसमें शासन प्रशासन, टोल प्रबंधन का कोई जवाब नहीं आया। आचार संहिता लागू होने के कारण प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिल पाई। उसके बाद टोल टैक्स वसूलने वाली कंपनी बीएससीपीएल भी बदल गई, अब आरंग टोलवे लिमिटेड ढांक झलप एवं छुईपाली टोल टैक्स की वसूली कर रही है। जिसके कारण हम पुनः कंपनी को ज्ञापन देने गए थे, कंपनी के मैनेजर ने ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया। महासमुंद जिलेवासियों 10 जुलाई तक टोल टैक्स माफ नहीं किया जाता है तो 11 जुलाई से उग्र विरोध प्रदर्शन व चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन एवं टोल प्रबंधन की होगी। वहीं आरिफ अली पिंकी का कहना है महासमुंद सीजी 06 परमिट सभी वाहनों को टोल मुक्त होना चाहिए। महासमुंद जिले में निवासरत सभी नागरिकों को आधार कार्ड या परिचय पत्र के माध्यम से टोल टैक्स फ्री की सुविधा मिलनी चाहिए।

### पूर्व विधायक के नेतृत्व में नपं तुमगांव व बिजली दफ्तर का घेराव कल

**महासमुंद।** तुमगांव क्षेत्र के गांवों में अघोषित विद्युत कटौती तथा तुमगांव नगर पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों में हुई अनियमितता को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में सोमवार 1 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक नगर पंचायत तुमगांव तथा वहां से रैली निकालकर शाम 4 बजे विद्युत वितरण केंद्र का घेराव किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि विगत 6 माह के भाजपा सरकार के कार्यकाल में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या से महासमुंद विधानसभा के तुमगांव क्षेत्र के ग्रामीण हलाकान हैं। वोल्टेज की समस्या के कारण ग्रामीण बिजली उपकरणों का उपयोग तक नहीं कर पा रहे। बीते गर्मी सीजन में 10-10 घंटों तक बिजली कटौती की गई। जो अभी भी सतत जारी है। इससे बुजुर्ग, बच्चे, मरीजों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। सरप्लस बिजली वाले राज्य में साय-साय बिजली की घंटों कटौती की जा रही। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या नहीं हुई। बिजली बिल हॉफ योजना के माध्यम से न्यूनतम बिल से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। लेकिन, वर्तमान में साय सरकार द्वारा बिजली दरों में वृद्धि कर बिजली बिल फूल तथा बिजली सप्लाई हाफ कर दी गई है।

**कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक**

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण गंभीरतापूर्वक करें अधिकारीः कलेक्टर



**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर पिछली राजस्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, अभिलेखों की शुद्धता, डायवर्सन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत कर दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। सामाजिक संस्थाओं से संबंधित जमीन के मामलों को भी शीघ्रता से समय सीमा के भीतर पूर्ण करने कहा।

कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। कलेक्टर ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार के एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को आबंटित तहसीलों की शाखाओं का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए। पटवारियों को रिकॉर्ड दुरुस्त करने में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व ग्रामों में पटेल एवं कोटवारों की लंबित भर्ती को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में सभी ग्रामों के नक्शों के जियो रेफ्रेन्सिंग के संबंध में तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सी पी ग्राम्स, जनशिकायत, जनचौपाल इत्यादि प्रकरणों को अभियान चलाकर जल्द ही निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने बैठक में अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, विवादित नामांतरण, विवादित बटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नगरीय क्षेत्रों में शासकीय व नजूल भूमि का आबंटन, वृक्ष कटाई की अनुमति, ई-कोर्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की स्थिति संबधी न्यायालयीन प्रकरणों के साथ-साथ ऑनलाईन नामांतरण पंजी, डिजिटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टि, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, आर.बी.सी.-6-4, जाति-आय-निवास प्रमाण-पत्र, पटवारी की उसके मुख्यालय ग्राम में उपस्थिति, भू-बंटन, भू-अर्जन, वसूली, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भूमि आबंटन-व्यवस्थापन, लोकसेवा गारंटी एवं वन अधिकार पत्रों का दावा निपटान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बटवारा एवं विवादित नामांतरण बटवारा के समय सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा उक्त मामलों के समय-सीमा के बाहर एवं समय-सीमा के भीतर लंबित सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण अगले बैठक के पूर्व करने के निर्देश दिए। साथ ही उक्त मामलों के निराकरण हेतु राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के साथ विशेष अभियान चलाकर अगले बैठक के पूर्व शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में वन अधिकार पट्टा, लोक सेवा के आवेदनों की स्थिति, स्लम पट्टा, नजूल पट्टा, आबादी पट्टों की संख्या के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अवैध निर्माण, अवैध कालोनी निर्माण पर कार्यवाही करने, भूमि आबंटन के प्रकरणों में जांच प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने व भू-अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा राशि का वितरण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गय। साथ ही भू-राजस्व के वसूली की कार्यवाही में गति लाने, अवैध उत्खनन रोकने एवं अतिक्रमण के मामलों में आदेश पारित करने के उपरांत आदेश के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गया।

## खबर संक्षेप

### बेलसोंडा स्कूल परिसर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बेलसोंडा में पौधारोपण किया गया है। जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल यादव, भोलाराम चंद्राकर, शिव कुमार यादव सहित संस्था के प्रधान पाठक रेखा चंद्राकर, शिक्षिका शीतल शर्मा, नेहा चंद्राकर, लीना चंद्राकर, चित्ररेखा गहरवार, लीना चंद्राकर सहित ग्रामीण महिला मीना धीवर, पुन्नि यादव, चंदा चंद्राकर, कीर्ति चंद्राकर, चमेली साहू, यशोदा साहू मौजूद रहे। अतिथियों ने रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।

### सोरिद स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय हाई व मिडिल स्कूल सोरिद में 28 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन महासमुंद विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता संस्था प्रमुखद्वय प्राचार्य धरमसिंह महानंद, प्रधान पाठक सरिता तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। पश्चात कक्षा 9वीं में 35 एवं 6वीं में 30 नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा व मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि के कर कमलों से पाठ्य पुस्तक व शाला गणवेश प्रदाय किया गया। बच्चों गर्म भोजन में खीर, पूड़ी, जलेबी, चाकलेट, दाल चावल परोसा गया। स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि द्वारा सभी को शत प्रतिशत शाला आने, अध्ययन अध्यापन शाला कलेंडर अनुसार करने कहा। पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने आग्रह किया।

### गौरव विद्या मंदिर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सौंपा दायित्व

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर के संचालक तेज कुमार पंडा के सानिध्य में तथा प्राचार्य दिनेश सतपथी तथा प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल के निर्देशन में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की एक बैठक रखी गई। जिसमें विद्यालय के सफल संचालन के लिए वार्षिक कार्य योजनानुसार सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को विभिन्न दायित्व सौंपा गया, इसमें कार्यालय प्रमुख छत्रेश, परीक्षा प्रमुख दास, माधुरी, विज्ञान प्रमुख रोहित साहू, पुस्तकालय प्रमुख मंजू, जाति, निवास आय प्रमुख तेजराज डनसना एवं हितेश, स्काउट क्रीड़ा एवं किशोर भारती प्रमुख प्रफुल्ल बारीक, गाइड प्रमुख श्वेता, अनुशासन प्रमुख सविता प्रधान एवं डनसेना प्रार्थना प्रमुख रोहित प्रधान एवं सरवरी, कन्या भारती प्रमुख जानकी, सुनीता, खोया पाया प्रमुख दिव्या, स्वास्थ्य प्रमुख डनसेना, स्वच्छता प्रमुख हितेश, बागवानी प्रमुख शांति एवं जल एवं सास्कृतिक प्रमुख अंजली, विद्युत विभाग प्रमुख रोहित प्रधान एवं वाहन प्रमुख डनसेना को दिया गया है। अंत में समस्त दायित्व प्रभारियों को विद्यालय के संचालक तेजकुमार पंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक समय में एक काम करो ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा को डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ तथा जब तक जीना है तब तक सीखना है। अनुभव ही विश्व में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है, ऐसे ही वक्तव्यों से शिक्षकों को प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय की मीडिया प्रभारी सरवरी एवं माधुरी ने दी है।

### प्रवेशोत्सव पर कन्या शाला के छात्राओं ने रोपे अनेक पौधे

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी छात्राओं ने संस्था के ईको क्लब की छात्राओं के सहयोग से विद्यालय में अपने प्रवेश को यादगार बनाने के लिए फलदार, छायादार और फूल वाले पौधों का रोपण ईको गार्डन में किया। नवप्रवेशित छात्राओं ने पौधों की व्यवस्था खुद से किया और आसपास से ही ढूंढ-ढूंढ कर पौधा एकत्रित कर पौधरोपण किया। पौधरोपण ईको क्लब प्रभारी व्याख्याता परस राम सिन्हा के सहयोग से हुआ। प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने वृक्षों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। व्याख्याता रागिनी चंद्राकर ने पौधों से प्राप्त होने वाले दवाइयों के बारे बताया।

## निरीक्षण : विधायक साहू ने राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

# विधायक ने डॉक्टरों एवं स्टाफ से कहा- अपने दायित्व का निर्वाह पूरी ईमानदारी से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू इन दिनों ताबड़तोड़ दौरा कर रहे है। वे शनिवार को राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां सभी डॉक्टरों और नर्स को अपनी डयुटी में हाजिर पाया। एक-एक रूम और हॉल का निरीक्षण उन्होने किया। वाशरूम की साफ-सफाई के प्रति कुछ ज्यादा ही ध्यान देने का निर्देश दिया। लाइट और पंखो को भी दुरूस्त करने कहा। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बात किया। पूछा कि यहां ईलाज सही तो हो रहा है। राऊंड में डॉक्टर और नर्स पहुंचते है न! मरीजों के द्वारा सब कुछ ठीक-ठाक बताए जाने पर विधायक साहू संतुष्ट हुए। उन्होने अस्पताल के डॉक्टर सहित सभी स्टॉफ से कहा कि आज तो मैं केवल निरीक्षण करने आया हूं लेकिन भविष्य में और कभी भी यहां आ सकता हूं तो मुझे कोई कमी या शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों और नर्स तथा पूरे स्टाफ को निर्देश दिया कि जो दायित्व आप लोगों का है उसे पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करें। समय में पहुंचे, मरीजों के साथ अच्छा





व्यवहार रखें। श्री साहू ने अपना बीपी भी चेक कराया। बीपी बिल्कुल परफेक्ट निकला। विधायक के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, लफंदी सरपंच नेहरू साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, मधु नत्थानी, किशोर साहू, सहित अन्य लोग भी थे।

#### अनुपस्थित पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

देर शाम विधायक श्री साहू ने बताया कि वे कभी भी कहीं भी निरीक्षण करने के लिए पहुंचेंगे। शनिवार को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम पहुंचे थे। वहां सारी व्यवस्थाओं को उन्होंने अपनी आंखों से देखा। डॉक्टर से कहा कि शासन द्वारा मरीजों के लिए जो सुविधाएं दी जा रही है उसमें किसी भी प्रकार से कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। समय में डॉक्टर्स, नर्स व अन्य स्टॉफ को पहुंचने का निर्देश दिया। नर्स मैम से कहा कि मरीजों की सेवा सत्कार स्वच्छ मन से करें। विधायक श्री साहू ने यह भी कहा कि वे कभी भी किसी भी शासकीय दफ्तर में पहुंचेंगे निरीक्षण के दौरान यदि कोई अनुपस्थित पाया गया समय में कोई अधिकारी-कर्मचारी अपने टेबल में नहीं पाए गए तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कहा कि मैं सभी अधिकारियो-कर्मचारियों से कहना चाहता हूं कि वे समय में अपना दफ्तर पहुंचे। जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखे और बहुत ही स्वच्छ मन से उसे करें। जनता के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो। खासतौर से उन विभागों के कर्मचारियों, बाबुओं से कहना चाहता हूं कि लोगों को बेवजह न घुमाएं। जो नियम के तहत आता है उस काम में जरा भी विलंब न करें। यदि मेरे तक किसी की शिकायत आएगी तो कार्रवाई करूंगा। कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में किसी भी ब्लॉक में कोई भी दफ्तर में बिना सूचना दिए कभी भी पहुंचुंगा। लिहाजा अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का पालन ईमानदारी से करें। समय में पहुंचे और अच्छे से अपनी डयुटी पूरी करें।

# दो पाली में लगेगा स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर 4 पंचायत के बीच एक नोडल अधिकारी तय किया गया है जो उस पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी योजनाओं की जानकारी जिला कार्यालय को देगी और लगातार सभी पंचायत का दौरा करेगी। ग्राम पंचायत सारागांव, दुल्ला, टोनही डबरी, केवटी झर 4 पंचायत का नोडल अधिकारी के एल मतवाले को बनाया गया है, उन्होंने चारों पंचायत के में दौरा करके पूरी जानकारी जिला कार्यालय को प्रेषित की है, उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी सारा गांव, प्राथमिक शाला ,माध्यमिक शाला आंगनबाड़ी केंद्र, प्री मैट्रिक छात्रावास,पी डी एस, आयुष्मान आरोग्य केंद्र दुल्ला, प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र भैसा मुड़ा सहित स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने नए सत्र में शाला प्रवेश उत्सव, गणवेश वितरण, मध्याह्न भोजन आदि के जानकारी ली। साथ-साथ बरसात की वजह से स्कूलों में बच्चों को किसी प्रकार की बैठने की दिक्कत ना हो, उन्होंने बताया कि प्राथमिक शाला भैंसा मुड़ा अत्यंत जर्जर है पालकों की मांग पर माध्यमिक शाला में अब दो शिफ्ट में स्कूल का संचालन किया जाएगा, प्राथमिक शाला स्कूल सुबह और माध्यमिक शाला स्कूल 10:00 बजे से स्कूल लगेगा, उन्होंने आगे कहा कि लगातार ग्राम पंचायत को दौरा कर शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयनवन के संबंध में जानकारी ली जाएगी। उनके साथ संकुल समन्वयक रामलाल टांडे, ग्राम पंचायत दुल्ला के सरपंच यशवंत ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम से आकाश ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव, युवा अधिवक्ता आकाश दीक्षित ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से मुलाकात की एवं छुरा नगर के सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर ना होने के कारण जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है उसको देखते हुए आकाश दीक्षित ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर महिला डॉक्टर की मांग की है जिससे मंत्री जी ने सहर्ष पूर्वक स्वीकार किया और जल्द से जल्द आश्वासन दिया कि छुरा नगर के सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर की नियुक्ति कर दी जाएगी। छुरा ब्लॉक आदिवासी ब्लॉक है महिला डॉक्टर की नियुक्ति होने के बाद जनमानस को इसका फायदा होगा और पिछले कुछ वर्षों से यहां महिला डॉक्टर की नियुक्ति भी नहीं हो पाई है।

### प्रदेश प्रभारी पायलट से कांग्रेसियों ने की मुलाकात

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आरएन आदित्य अधिवक्ता एवं पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य व ब्लॉक ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल एवं भंवरपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार व महासमुंद विधानसभा के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के साथ सौजन्य मुलाकात की।

# छुरा में धूमधाम के साथ मना शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

इंडियन पब्लिक हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खेदुराम साहू उपसरपंच, पुनितराम ठाकुर, ढलेन्द्र कुमार ध्रव, पुनित नेताम मंचसीन रहे। जिसमें सर्वप्रथम ज्ञान दायिनी मां शारदे की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।और नवप्रवेश बच्चों को मुंह मीठा करवाया गया। साथ ही सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ना और प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर शाला परिवार के प्राचार्या रेवैन्द्र दीक्षित एवं शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं पूरे स्टाफ उपस्थित थे।

# सफल जलाशय के निर्माण को पूरा करने जल संसाधन मंत्री को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- विधायक जनक ध्रुव मंत्री केदार कश्यप से की मुलाकात

प्रदेश के जल संसाधन एवं वन मंत्री केदार कश्यप से शनिवार को बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने उनके निवास में मुलाकात कर बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना सफल जलाशय बांध निर्माण को पूरा करने मांग पत्र सौंपा साथ ही मंत्री केदार कश्यप से तत्काल विभाग के अफसरो को मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है विधायक जनक ध्रुव सलफ जलाशय को पूर्ण करने, घुमरापदर टेंक मुख्य नहर एवं शाखा नहरों का रिमॉडलिंग जीर्णोद्धार एवं सीसी लाइनिंग कार्य,बरही व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार तथा नहर लाइनिंग कार्य हेतु मांग किया, साथ ही इन परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की, मंत्री केदार कश्यप ने उक्त सभी मांगों पर अपनी सहमति प्रदान कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किया। उन्होंने सभी मांगों को प्राथमिकता से पूर्ण करने की बात कही है, उक्त मांगो और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जनसुविधाओं, सिंचाई की



व्यापक व्यवस्थाओं को लेकर विधायक जनक ध्रुव युद्धस्तर पर सक्रियता के साथ लगे हुए है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक ध्रुव ने बताया की सलफ जलाशय निर्माण कार्य मे वन विभाग द्वारा रोक लगाये जाने के कारण पिछले चार दशक से यह जलाशय अधूरा पड़ा हुआ है लेकिन अब छत्तीसगढ़ मे जल संसाधन एवं वनमंत्री केदार कश्यप को समस्या बतायी गई है और बांध निर्माण की मांग किया गया है मंत्री ने तत्काल बांध निर्माण के संबंध में विभाग की टीम को मौके पर जाकर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

# निशुल्क कोचिंग पुनः शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पूर्व में छुरा नगर में तीन चार वर्षों से नगर में जनपद सीईओ रुचि शर्मा, तत्कालीन सीएमओ संचित साहू, महिला बाल विकास अधिकारी चंदू साहू, भोजराज वर्मा के अथक प्रयास से छुरा नगर में निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की गई थी एवं बहुत से पूर्व में अन्य संस्थानों से कोचिंग कर चूके युवा भी शिक्षा दान करते थे। जिसमें नगर ही नहीं आसपास के शिक्षित युवा एवं युवती कोचिंग का लाभ ले रहे थे परंतु विगत कुछ महीनों के पश्चात उक्त कोचिंग संस्थान को बंद कर दिया गया जबकि कोचिंग संस्थान से बहुत से युवा नोकरी के लिए तैयारी कर रहे थे। वहीं उक्त कोचिंग से बहुत से छात्र आज शासकीय सेवा में है। विदित हो कि उक्त कोचिंग में जीतने भी उत्कृष्ट शिक्षक थे वो किसी प्रकार का कोई शुल्क लिए बिना शिक्षा दान कर रहे थे । शासकीय भवनों का दुरुपयोग सिर्फ कबाड़ क़े समान रखने का काम आ रहा परन्तु प्रशासन किसी गरीब की भविष्य का ध्यान नही रखती। जब सभी शिक्षक निःशुल्क शिक्षा दान करना चाहते है तो शासन प्रशासन को इसमें क्या दिक्कत होनी चाहिए। जबकि सभी कोचिंग प्रदान करने वाले शिक्षकों को अपनी शासकीय सेवा उपरांत अपने घरेलू समय से समय निकाल कर कोचिंग दी जाती थी। सेवा से संचालित कोचिंग संस्थान को बंद करना समझ से परे हैं। नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमेन व कांग्रेस के युवा नेता लोकेश्वर वर्मा ने लिखित रूप से जिला प्रशासन से मांग की है। उन्होने कहा कि पूर्व में जब कोचिंग



चल रही थी तो भी शासकीय गजानंद उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य द्वारा उक्त विद्यालय के भवन से भवन रिक्त नही होने का बहाना कर कुछ दिनों के लिये कोचिंग बंद हो गई थी परन्तु मुझको पता चलने पर प्रचार्य से बात करने के पश्चात तुरंत कोचिंग पुनः प्रारंभ की गई परन्तु कुछ ही महीनों बाद उक्त कोचिंग बिना किसी कारणवश बंद हो गई। जिससे करीब 50 से ज्यादा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी निशुल्क कर रहे युवाओं को अधर में ला दिया गया। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण एवं गरीब युवा पैसों के अभाव में नगर के कोचिंग में अध्ययन कर रहे थे। उक्त सभी युवा शासकीय नोकरी करने हेतु कड़ी मेहनत उक्त कोचिंग संस्थान में कर रहे थे जबकि वर्तमान में बहुत सी प्रतियोगी परीक्षाओं का दौर आना बाकी है। उक्त कोचिंग को पुनः प्रारम्भ करने की मांग स्थानीय विधायक व कलेक्टर से पुनः शुरू करने की गई मांग नगर के पूर्व एल्डरमेन ने की है।

# शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दी पुस्तकें व गणवेश

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला कमार पारा पीपरछेड़ी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां बच्चों को नये पुस्तक गणवेश एवं मुंह मीठा कर किया गया, साथ ही इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य व छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के संस्थापक मनोज पटेल के सहयोग से शाला परिसर में छायादार फलदायक वृक्षारोपण



किया गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंध समीति अध्यक्ष धनुषराम, उपाध्यक्ष राजकुमार प्रधान पाठक तुलेश्वरी कवर, सहायक शिक्षक रमेश कुमार यदु, पीपरछेड़ी प्राधन पाठक सर्वेश कुमार शर्मा, सहायक शिक्षिका तेज ध्रुव एवं अन्य पालक, रसोईया स्वीपर पालकगण एंव सभी विघार्थी उपस्थित थे।

# सिंघौरी स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंघौरी में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोहन वर्मा,पंच लखन वर्मा ने नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश, एवं मिठाई खिलाकर क्लास प्रथम में प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण देवांगन, टेमन पटेल, गायत्री वर्मा, शेषनारायण वर्मा,ललिता ध्रुव,मीरा साहू,उर्वशी तारक, हेमलता ठाकुर मौजूद थे।




## थाने का किया घेराव, पुलिस ने किया मामला दर्ज

# भाजयुमो जिला अध्यक्ष पर डॉक्टरों ने लगाया बदसलूकी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तीन दिन पहले ही बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ ने लोगों से अपील किया था कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े टीम का सहयोग करें, वहीं कल रात ईसीजी को लेकर भाजयुमो जिला गरियाबंद अध्यक्ष डॉक्टर से ही भिड़ गए। इस मामले को लेकर देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत ब्लॉकभर के स्वास्थ्य कर्मचारी काम बंद कर थाने पहुंचे और जिला अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत की। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है और मामला दर्ज करने की जानकारी मिली है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप की हरकत से नाराज देवभोग ब्लॉक के बीएमओ सुनील रेड्डी समेत 9 डॉक्टर, 44 आरएचओ, 19 सीएचओ समेत 100 से ज्यादा कर्मियो ने काम बंद कर दिया है। बीएमओ रेड्डी ने कहा, कल रात भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगिराज माखन कश्यप देर रात 10 बजे उल्टी के मरीज शिवदास कश्यप को इलाज कराने देवभोग अस्पताल लेकर पहुंचे। ड्यूटी में तैनात डॉक्टर महेश्वर साहू ने इलाज शुरू किया। उन्होंने ऑमिटिंग रोकने उपचार शुरू किया। इस दौरान इलाज कर रहे डॉक्टर से माखन कश्यप इसीजी करने की जिद्द करता रहा। इसी बात को लेकर डॉक्टर से तीखी बहस भी हुई और मामला तुल पकड़ लिया डॉक्टर साहू ने मामले की सूचना बीएमओ रेड्डी को देने के



बाद वहां अन्य डॉक्टर भी पहुंचे। स्वास्थ अमला और माखन कश्यप के बीच आधे घंटे तक बहस होती रही। टीम ने रात को ही इसकी सूचना थाने में दी थी। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचकर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगीराज माखन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को स्वास्थ्य अमला सभी सेवाए ठप कर थाने पहुंचा। थाना प्रभारी देवभोग पुलिस ने माखन कश्यप के खिलाफ गाली गलौच, शासकीय काम में बाधा और डॉक्टर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में माखन कश्यप ने कहा कि वे खुद होम्योपेथी के जानकार हैं, इसी लिहाज से उन्होंने लक्षण देखकर इसीजी करने का आग्रह किया था. इसी बात को लेकर सभी ने इगो पाल लिया. अन्य केंद्रो में पदस्थ डॉक्टर भी ड्यूटी छोड़कर देवभोग में मौजूद रहे।

#### अस्पताल मे इलाज बंद कर डॉक्टरों ने नारेबाजी

भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप के खिलाफ डॉक्टरों ने बदसलूकी का अरोप लगाते हुए थाने मे पहुंचकर नारेबाजी किया और ईलाज बंद कर दिया दोपहर तक डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कार्यवाही की मांग को लेकर थाने मे अड़े रहे। वहीं दूसरी ओर जानकारी मिली है कि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप भी थाना पहुंचकर मामले में शिकायत दर्ज करा रहे हैं।

# धमनी स्कूल में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं जिला मिशन समन्वय केएस नायक के निर्देशानुसार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी एवं खंड स्त्रोत समन्वय सुभाष शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत धमनी की सरपंच अश्वनी राधेश्याम साहू थी। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है। एक सुशिक्षित और संस्कार युक्त व्यक्ति से ही एक बेहतर समाज और राष्ट्र का निर्माण



होता है। इसलिए हमें पूरा मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने की अपील किया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुखेन साहू, प्रभारी प्रधान पाठक प्रीति नायक, पदमनी साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, अनिता राजपूत, उत्तम भारती, पंचायत सचिव चंद्रकांत साहू, गौठान समिति के अध्यक्ष पवन साहू, गजेन्द्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, मीना कुर्रे, संतोषी सेन, वंदना साहू, गीता साहू, प्रेमीन साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य और पालकगण उपस्थित थे।